राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

महाशिवरात्रि पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 7 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महाशिवरात्रि (8 मार्च) के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि शिव का अर्थ ही है कल्याण और आनंद। महाशिवरात्रि परमपिता परमेश्वर शिव और जगत जननी माता पार्वती के विवाह का पावन पर्व है। यह भारतीय संस्कृति का अनूठा उत्सव है।

श्री मिश्र ने महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती से सभी के कल्याण और मंगल की कामना की है।

—————

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 7 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर नारी शक्ति को नमन करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

श्री मिश्र ने कहा कि वही समाज सर्वांगीण विकास करता है, जहां महिलाओं को आगे बढ़ने के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध होते हैं। उन्होंने महिला सशक्तीकरण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि महिलाएं आज जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता के नए कीर्तिमान रच रही हैं। उन्होंने महिला दिवस पर नारी सशक्तीकरण के लिए सभी स्तरों पर प्रयास कर बालिकाओं और स्त्रियों की बेहतरी के लिए वातावरण निर्माण का आह्वान किया है।

—————